# हाथ रखो मेरे सिर पर राधा | By Hari Sharma

हाथ रखो मेरे सिर पर राधाहाथ रखो मेरे सिर पर राधा
कट जाए मेरी सब बाधा
पल पलछिन मैं तुम्हे पुकारू
राधा राधा राधा राधा

ये दुनिया एक झूठी माया
कोई किसी काम ना आया
तेरी सच्ची है सरकारी
तूने सबको गले लगाया
तूने सबको गले लगाया ...
मेरे ह्रदय में वास करो माँ
माँगूँ ना मैं इससे ज्यादा
पल पलछिन मैं तुम्हे पुकारू
राधा राधा राधा राधा

ब्रज की रानी जग कल्याणी
तेरी महिमा सब जग जानी
करुणा की तू सागर राधे
दुनिया तेरी है दीवानी
दुनिया तेरी है दीवानी ......
चरण कमल में मुझे रखोगी
कर दो बस इतना सा वादा
पल पलछिन मैं तुम्हे पुकारू
राधा राधा राधा राधा

मुझको भी तू पार लगा दे
वृन्दावन का वास दिला दे
अंत समय भी तुझे निहारूं
बस इतना सा साथ निभा दे
बस इतना सा साथ निभा दे ......
बाँध लिया जो हरी से तूने
तोड़ ना देना प्रेम का धागा
पल पलछिन मैं तुम्हे पुकारू
राधा राधा राधा राधा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%b0%e0%a4%96%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%bf%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a4%b0-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a4%be-by-hari-sharma/